1977-78 crop year is estimated to be about 89 million tonnes raw value. India's production, on this basis, is estimated at 5.64 million tonnes accounting for 6.3 per cent of world production.

**Sanction for Fish Seed Farm in Orissa**

4453. SHRI JENA BAIRAGI: Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state:

(a) how many Fish Seed Farms are there in Orissa and the area covered in hectares under nursery area;

(b) whether all the Fish Seed Farms, out of those are functioning;

(c) if not, whether Government of India has sanctioned any suitable amount for the improvement of unused nursery or not; and

(d) if not, when Government of India are going to sanction the amount?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): (a) There are 93 fish seed farms covering 95 hectares of nursery area.

(b) Out of 93, 13 are not functioning as ponds are not found suitable.

(c) There is no Centrally Sponsored Scheme for improvement of unused seed farms since the entire programme is covered under the State Plan.

(d) Does not arise.

**अधिकारियों के विदेशी दौरे**

4454. **श्री दौलत राम सारण** : क्या **कृषि और सिंचाई मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंत्रालय के कौन-कौन अधिकारी गत आठ माह में किस प्रयोजन से विदेश यात्रा पर गये और किस-किस देश को गये;

(ख) क्या विभागीय अधिकारियों की विदेश यात्राओं के बारे में कोई प्रक्रिया अथवा नियम है; और

(ग) उक्त दौरों पर कितना व्यय हुआ?

**कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला)** : (क) से (ग). जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

**भारतीय खाद्य निगम को हिन्दी में प्राप्त पत्र**

4455. **श्री राम नरेश कुशवाहा** क्या **कृषि और सिंचाई मंत्री** यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क) खाद्य विभाग के अन्तर्गत भारतीय खाद्य निगम के मुख्यालय में तथा हिन्दी भाषी राज्यों में स्थित इसके क्षेत्रीय/जोनल कार्यालयों में वर्ष 1976-77 के दौरान क्रमशः हिन्दी और अंग्रेजी में कितने पत्र आये और उनमें से कितने पत्रों के उत्तर केवल अंग्रेजी में या हिन्दी में दिये गये;

(ख) क्या भारतीय खाद्य निगम के कार्यालयों में हिन्दी में पत्राचार का कार्य शिथिल है तथा उनमें राजभाषा अधिनियम के उपबन्धों का पूरी तरह से पालन नहीं हो रहा है; और

(ग) यदि हां, तो राजभाषा हिन्दी के प्रति ऐसी उपेक्षा समाप्त करने तथा उपयुक्त संख्या में हिन्दी अनुभाग खोलने के बारे में की गई कार्यवाही का ब्योरा क्या है?

**कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह)** : (क) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा के पटल पर रख दी जायेगी।

(ख) निगम के सभी कार्यालयों में राजभाषा अधिनियम के उपबंधों को अभी पूर्णतया लागू करना संभव नहीं हो पाया है।

(ग) भारतीय खाद्य निगम के विभिन्न कार्यालयों के सोपानवार कार्यक्रम के आधार पर हिन्दी का प्रगामी प्रयोग किया जा रहा है। निगम के मुख्यालय ने देश भर में स्थित अपने जोनल/क्षेत्रीय कार्यालयों को अनुदेश दिये हैं कि वे हिन्दी में प्राप्त सभी पत्रों का हिन्दी में ही उत्तर दें। भारतीय खाद्य निगम के हिन्दी भाषी राज्यों में स्थित सभी कार्यालयों से कहा गया है कि वे अपना पत्र व्यवहार हिन्दी में ही करें। निगम के मुख्यालय में एक हिन्दी सेल स्थापित किया गया है जोकि मुख्यालय में राजभाषा नीति और कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के अलावा अपने विभिन्न जोनों/क्षेत्रों में हिन्दी को लागू करने से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करने के लिए जिम्मेदार है। जोनल/क्षेत्रीय कार्यालयों में भी हिन्दी सेल स्थापित किये जा र हैं। भारतीय खाद्य निगम के हिन्दी भाषी राज्यों में स्थित सभी कार्यालयों को राजभाषा विभाग द्वारा जारी की गई आदेशों की पुस्तिका सुलभ की गई है। सभी लेखन-सामग्री को हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में छपवाने के अलावा हमारे कुछेक महत्वपूर्ण प्रकाशनों को हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित किया जाता है। मुख्यालय में हिन्दी में प्राप्त सभी पत्रों का उत्तर अनिवार्य रूप से हिन्दी में ही दिया जाता है। निगम के उन अधिकारियों, जिनको हिन्दी का ज्ञान नहीं है, को हिन्दी का प्रशिक्षण दिलाने के लिए मुख्यालय में हिन्दी की कक्षाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें दिल्ली में स्थित उत्तरी जोन के जोनल और क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी भी आते हैं।

### उत्तर प्रदेश तथा बिहार के चीनी-कारखानों में गन्ना की पेराई आरम्भ होना

4456. **श्री रामधारी शास्त्री** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश तथा बिहार के कितने चीनी कारखानों ने 30 नवम्बर 1977 तक गन्ने की पिराई आरम्भ कर दी थी और कितने मिलों ने अभी यह कार्य आरम्भ नहीं किया है ; और

(ख) सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है कि शेष मिल भी काम करना आरम्भ कर दें ?

**कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह)** : (क) 30 नवम्बर 1977 तक उत्तर प्रदेश के 57 चीनी कारखानों और बिहार के 12 चीनी कारखानों ने 1977-78 मौसम के लिए उत्पादन शुरु कर दिया था। 16 दिसम्बर 1977 तक तार से प्राप्त सूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश में 21 और चीनी कारखानों तथा बिहार में 10 और चीनी कारखानों ने उत्पादन शुरु कर दिया है। चालू मौसम के दौरान उत्तर प्रदेश की केवल दो मिलें और बिहार की छ: मिलें अभी चालू होनी हैं।

(ख) गन्ने की उपलब्धता मिलों को की गई पेशकश गन्ने की परिपक्वता आदि के संदर्भ में राज्य सरकारों से यह आशा की जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि चीनी कारखाने उपयुक्त समय पर काम शुरु करें।

### Sahitya Akademi Awards

4457. SHRI K. B. CHETTRI: Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state:

(a) the criteria followed by the Sahitya Akademi for the selection of books from each language for Sahitya Akademi Awards every year;

(b) what is the composition of Sahitya Akademi Selection Bodies and Advisory Bodies and what are the criteria followed in constituting these bodies;